दिनांक-06.01.2025 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज विभिन्न रेल परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण।
- प्रदेश में आज से दुरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाए पहुंचाने के लिये मोबाइल यूनिट सेवा की होगी शुरूआत।
- इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किया ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ।
- प्रदेश में कल से एक बार फिर ठंड का दौर आने की संभावना। कुछ क्षेत्रों में बुंदाबांदी के भी आसार।

प्रधानमंत्री - रेल परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। जम्मू क्षेत्र में रेल संपर्क को और प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नए रेल मंडल का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी तेलंगाना में चार्लापल्ली नए टर्मिनल स्टेशन का लोकार्पण करेंगे और ओडिशा में पूर्वी तटीय रेलवे के रायगढ़ रेलवे मंडल भवन की आधारशिला रखेंगे।

हमारे संवाददाता के अनुसार जम्मू रेलवे डिवीजन बनने से जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों को काफी लाभ होगा और लोगों की लंबे समय की आकांक्षा पूरी होगी। इसमें पठानकोट-जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला, भोगपुर सिरवाल -पठानकोट, बटाला-पठानकोट और पठानकोट से जोगिंदर नगर खंड शामिल होंगे। इससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे, बुनियादी ंचा विकसित होगा, पर्यटन बढ़ेगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।

पीएम जनमन

प्रदेश के दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए ‘पीएम जनमन’ के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज योजना के तहत 21 जिलों के 87 विकासखंडों के लिए 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में कार्यक्रम होगा। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट की लागत 33 लाख 86 हजार रूपये है। इस यूनिट से अनूपपुर, अशोक नगर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, दतिया, डिंडोरी, गुना, ग्वालियर, कटनी, मंडला, मुरैना, नरसिंहपुर, सतना, शहडोल, श्योपुर, सीधी, शिवपुरी, जबलपुर, रायसेन, उमरिया एवं विदिशा जिले के 1268 गांव की लगभग 3 लाख 12 हजार से अधिक की आबादी को सुगम स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। जीपीएस से लैस इन यूनिट में सक्शन मशीन, कान जांच की आटो स्कोप, एक्स-रे मशीन, स्ट्रेक्चर, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि उपकरण होंगे। मोबाइल मेडिकल यूनिट माह में 24 दिन गांवों का भ्रमण करेंगी और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी।

बड़नगर स्कूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बड़नगर के सीएम राइज स्कूल का नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से किया जायेगा। मुख्यमंत्री कल उज्जैन जिले के बड़नगर में 40 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नव-निर्मित सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण कर समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब गाँव और शहरों के नाम जन-भावनाओं के अनुरूप रखे जायेंगे। गजनीखेड़ी पंचायत को अब चामुंडा माता के नाम से जाना जायेगा। इसी तरह जहाँगीरपुर अब जगदीशपुर और मौलाना गाँव विक्रम नगर के नाम से जाना जायेगा। लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री जोशी ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने सभी क्षेत्रों में अच्छा काम किया है।...

बाईट- प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय मंत्री

शहद उत्पादन से प्रदेश में न केवल लोगों को अच्छी गुणवत्ता का शहद उपलब्ध हो रहा है। वहीं यह रोजगार सृजन का भी माध्यम बन रहा है। मुरैना में हो रही शहद की इस मीठी क्रांति के बारे एक रिपोर्ट ....

मुरैना जिले में बीते 10 वर्षों के दौरान शहद का उत्पादन प्रतिवर्ष 35 हजार क्विंटल से अधिक हो गया है। इसे अंचल की मीठी क्रांती माना जा रहा है। जिले के दो सैकड़ा से अधिक गांवों में मधुमक्खी पालन का कारोबार 3 लाख 25 हजार मानव दिवस रोजगार का श्रृजन कर रहा है। ग्रामीण युवा परम्परागत खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन के व्यवसाय से जुडक़र रबी तथा खरीफ की फसलों के दौरान शहद उत्पादन में जुटे हुये हैं। शहद उत्पादक सुभाष धाकड़ ने बताया --

इच्छुक ग्रामीण व शहरी युवाओं के साथ आजीविका मिशन के अन्तर्गत संचालित समूह सदस्य महिलाओं को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान कर शहद व्यवसाय से जोड़ा जा रहा है।

इस संबंध में कृषि विज्ञान केन्द्र मुरैना के वैज्ञानिक एवं मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ डा. अशोक सिंह यादव ने बताया --

बाइट-अशोक सिंह यादव

ड्रोन सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि से ड्रोन टेक्नोलॉजी को देश में बढ़ावा मिला है। नमो ड्रोन दीदी जैसी योजना से महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिली है। आज के समय में खेतों में दवा छिड़काव से लेकर अन्य अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ ड्रोन टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल इंदौर में ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह प्रशिक्षण केंद्र मध्यप्रदेश फ्लाइंग क्लब और कस्तूरबा ग्राम ट्रस्ट के संयुक्त उपक्रम से प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि आज का भारत टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में है।

मौसम

प्रदेश में अगले कल से एक बार फिर ठंड का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिमी हिस्से में एक सिस्टम एक्टिव हुआ है, जिसका असर दो दिन बाद दिखेगा। इससे पहले आज ग्वालियर-चंबल, उज्जैन, सागर और रीवा संभाग में कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोक्ष की एक्टिविटी से दिन-रात दोनों के तापमान में गिरावट होगी। 10 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर उत्तर-पश्चिमी भारत में देखने को मिल सकता है। इससे बूंदाबांदी होने के आसार भी हैं।

इस बीच कल प्रदेश में सबसे कम चार डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में रिकार्ड हुआ। मंडला में शीतलहर का प्रभाव रहा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 4.6 डिग्री सेल्सियस पर रहा। सतना जिले में शीतलहर को देखते हुए सुबह 10 बजे से निजी व सरकारी स्कूलों का संचालन करने के कलेक्टर ने आदेश जारी किए हैं। पन्ना में पिछले दो दिनों से कड़ाके कि ठण्ड पड़ रही है। शीत लहर एवं कोहरे से बढ़ी सर्दी को ध्यान में रखकर ग्वालियर ज़िले में नर्सरी से लेकर आठवी कक्षा तक के स्कूली बच्चों और सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आज अवकाश घोषित किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुर में नष्ट करने पर आज मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। इस पर रोक लगाने के लिये सुप्रीम कोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई है।
- राष्ट्रीय कला उत्सव का आज भोपाल में समापन होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में कल संभावना गतिविधि के तहत गोंड जनजातीय गुदुमबाजा और उज्जैन के मटकी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।
- इंदौर जिले को प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत शीघ्र ही हर घर में नल से जल वाला जिला घोषित किया जायेगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कल बैठक ली।
- पन्ना जिले के पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अन्न उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
- मध्यप्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कल आगरमालवा जिले में कहा कि हमारी सरकार अन्य राज्यों की भांति प्रदेश में भी अलग से गोपालन मंत्रालय का गठन करेगी।
- खण्डवा में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज किया जाएगा।
- शिवपुरी में वन विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करी के गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में वन विभाग की टीम ने लकड़ी से भरे ट्रक को पकड़ा है। टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

-------------

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री आज विभिन्न रेल परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण।

- प्रदेश में आज से दुरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाए पहुंचाने के लिये मोबाइल यूनिट सेवा की होगी शुरूआत।
- इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किया ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ।

और

- प्रदेश में कल से एक बार फिर ठंड का दौर आने की संभावना। कुछ क्षेत्रों में बुंदाबांदी के भी आसार।

अब समाचार विस्तार सेः—

प्रधानमंत्री — रेल परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। जम्मू क्षेत्र में रेल संपर्क को और प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नए रेल मंडल का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी तेलंगाना में चार्लापल्ली नए टर्मिनल स्टेशन का लोकार्पण करेंगे और ओडिशा में पूर्वी तटीय रेलवे के रायगढ़ रेलवे मंडल भवन की आधारशिला रखेंगे।

हमारे संवाददाता के अनुसार जम्मू रेलवे डिवीजन बनने से जम्मू—कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों को काफी लाभ होगा और लोगों की लंबे समय की आकांक्षा पूरी होगी। इसमें पठानकोट—जम्मू—उधमपुर—श्रीनगर—बारामूला, भोगपुर सिरवाल —पठानकोट, बटाला—पठानकोट और पठानकोट से जोगिंदर नगर खंड शामिल होंगे। इससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे, बुनियादी ढांचा विकसित होगा, पर्यटन बढ़ेगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक—आर्थिक विकास होगा।

<u>पीएम जनमन</u>

प्रदेश के दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए 'पीएम जनमन' के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज योजना के तहत 21 जिलों के 87 विकासखंडों के लिए 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में कार्यक्रम होगा। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट की लागत 33 लाख 86 हजार रूपये है। इस यूनिट से अनूपपुर, अशोक नगर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, दतिया, डिंडोरी, गुना, ग्वालियर, कटनी, मंडला, मुरैना, नरसिंहपुर, सतना, शहडोल, श्योपुर, सीधी, शिवपुरी, जबलपुर, रायसेन, उमरिया एवं विदिशा जिले के 1268 गांव की लगभग 3 लाख 12 हजार से अधिक की आबादी को सुगम स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। जीपीएस से लैस इन यूनिट में सक्शन मशीन, कान जांच की आटो स्कोप, एक्स—रे मशीन, स्ट्रेक्चर, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि उपकरण होंगे। मोबाइल मेडिकल यूनिट माह में 24 दिन गांवों का भ्रमण करेंगी और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी।

<u>बड़नगर स्कूल</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बड़नगर के सीएम राइज स्कूल का नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से किया जायेगा। मुख्यमंत्री कल उज्जैन जिले के बड़नगर में 40 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नव—निर्मित सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण कर समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब गाँव और शहरों के नाम जन—भावनाओं के अनुरूप रखे जायेंगे। गजनीखेड़ी पंचायत को अब चामुंडा माता के नाम से जाना जायेगा। इसी तरह जहाँगीरपुर अब जगदीशपुर और मौलाना गाँव विक्रम नगर के नाम से जाना जायेगा। लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं

सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री जोशी ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने सभी क्षेत्रों में अच्छा काम किया है।...

बाईट– प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय मंत्री

अच्छी खबर–शहद–मुरैना

शहद उत्पादन से प्रदेश में न केवल लोगों को अच्छी गुणवत्ता का शहद उपलब्ध हो रहा है। वहीं यह रोजगार सृजन का भी माध्यम बन रहा है। मुरैना में हो रही शहद की इस मीठी क्रांति के बारे एक रिपोर्ट ....

पैकेज–1.38, संवाददाता, मुरैना

मुरैना जिले में बीते 10 वर्षों के दौरान शहद का उत्पादन प्रतिवर्ष 35 हजार क्विंटल से अधिक हो गया है। इसे अंचल की मीठी क्रांती माना जा रहा है। जिले के दो सैकड़ा से अधिक गांवों में मधुमक्खी पालन का कारोबार 3 लाख 25 हजार मानव दिवस रोजगार का श्रृजन कर रहा है। ग्रामीण युवा परम्परागत खेती के साथ–साथ मधुमक्खी पालन के व्यवसाय से जुडक़र रबी तथा खरीफ की फसलों के दौरान शहद उत्पादन में जुटे हुये हैं। शहद उत्पादक सुभाष धाकड़ ने बताया ––

बाइट– सुभाष धाकड़

इच्छुक ग्रामीण व शहरी युवाओं के साथ आजीविका मिशन के अन्तर्गत संचालित समूह सदस्य महिलाओं को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा समय–समय पर प्रशिक्षण प्रदान कर शहद व्यवसाय से जोड़ा जा रहा है।

इस संबंध में कृषि विज्ञान केन्द्र मुरैना के वैज्ञानिक एवं मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ डा. अशोक सिंह यादव ने बताया ––

बाइट–अशोक सिंह यादव

ड्रोन सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि से ड्रोन टेक्नोलॉजी को देश में बढ़ावा मिला है। नमो ड्रोन दीदी जैसी योजना से महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिली है। आज के समय में खेतों में दवा छिड़काव से लेकर अन्य अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ ड्रोन टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल इंदौर में ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह प्रशिक्षण केंद्र मध्यप्रदेश फ्लाइंग क्लब और कस्तूरबा ग्राम ट्रस्ट के संयुक्त उपक्रम से प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि आज का भारत टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में है।

बाईट– मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मौसम

प्रदेश में अगले कल से एक बार फिर ठंड का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिमी हिस्से में एक सिस्टम एक्टिव हुआ है, जिसका असर दो दिन बाद दिखेगा। इससे पहले आज ग्वालियर–चंबल, उज्जैन, सागर और रीवा संभाग में कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोक्ष की एक्टिविटी से दिन–रात दोनों के तापमान में गिरावट होगी। 10 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर उत्तर–पश्चिमी भारत में देखने को मिल सकता है। इससे बूंदाबांदी होने के आसार भी हैं।

इस बीच कल प्रदेश में सबसे कम चार डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में रिकार्ड हुआ। मंडला में शीतलहर का प्रभाव रहा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 4.6 डिग्री सेल्सियस पर रहा। सतना जिले में शीतलहर को देखते हुए सुबह 10 बजे से निजी व सरकारी स्कूलों का संचालन करने के कलेक्टर ने आदेश

जारी किए हैं। पन्ना में पिछले दो दिनों से कड़ाके कि ठण्ड पड़ रही है। शीत लहर एवं कोहरे से बढ़ी सर्दी को ध्यान में रखकर ग्वालियर ज़िले में नर्सरी से लेकर आठवी कक्षा तक के स्कूली बच्चों और सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आज अवकाश घोषित किया गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुर में नष्ट करने पर आज मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। इस पर रोक लगाने के लिये सुप्रीम कोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई है।
- राष्ट्रीय कला उत्सव का आज भोपाल में समापन होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में कल संभावना गतिविधि के तहत गोंड जनजातीय गुदुमबाजा और उज्जैन के मटकी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।
- इंदौर जिले को प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत शीघ्र ही हर घर में नल से जल वाला जिला घोषित किया जायेगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कल बैठक ली।
- पन्ना जिले के पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अन्न उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
- मध्यप्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कल आगरमालवा जिले में कहा कि हमारी सरकार अन्य राज्यों की भांति प्रदेश में भी अलग से गोपालन मंत्रालय का गठन करेगी।
- खण्डवा में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज किया जाएगा।
- शिवपुरी में वन विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करी के गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में वन विभाग की टीम ने लकड़ी से भरे ट्रक को पकड़ा है। टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————